हेपेटाइटिस A का टीका

आपको क्या जानने की आवश्यकता है

अनेक टीका जानकारी विवरण स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं।
www.immunize.org/vis देखें।
Hojas de Informacián Sobre Vacunas están disponibles en Español y en muchos otros idiomas. Visite http://www.immunize.org/vis

1 हेपेटाइटिस A क्या है?

हेपेटाइटिस A यकृत की एक गंभीर बीमारी है जो हेपेटाइटिस A वायरस (HAV) के कारण होती है। HAV उन लोगों के मल में पाया जाता है जिन्हें हेपेटाइटिस A होता है।

यह नजदीकी व्यक्तिगत संपर्क के द्वारा फैलता है और कभी-कभी ऐसा खाना खाने या पानी पीने से जिसमें HAV होता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस A है तो उसी घर में दूसरे लोगों में यह बीमारी आसानी से फैल सकती है।

हेपेटाइटिस A से निम्नलिखित हो सकते हैं:

- "फ्लू जैसी" बीमारी
- पीलिया (त्वचा या आंखें पीली होना, गाढ़े रंग का मूत्र)
- तीव्र पेट दर्द और दस्त (बच्चों में)

हेपेटाइटिस A से पीड़ित लोगों को प्राय: अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है (5 में से 1 तक लोगों को)

हेपेटाइटिस A से पीड़ित वयस्क प्राय: इतने बीमार पड़ जाते हैं कि वे एक माह तक काम नहीं कर पाते।

कभी-कभी, लोग हेपेटाइटिस A के कारण मर जाते हैं (प्रति 1,000 मामलों में करीब 3-6 मौत)।

हेपेटाइटिस A के टीके से हेपेटाइटिस A को रोका जा सकता है।

2 हेपेटाइटिस A का टीका किसे और कब लगवाना चाहिए?

किसे?

कुछ लोगों को नेमी तौर पर हेपेटाइटिस A का टीका लगाया जाना चाहिए:

- सभी बच्चों को उनके पहले और दूसरे जन्मदिन के बीच (12 से 23 महीने की उम्र के बच्चे)।
- 1 वर्ष या अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति और जो ऐसे देशों में यात्रा कर रहा हो या काम करता हो जहां हेपेटाइटिस A की उच्च या मध्यम मौजूदगी हो, जैसे कि केंद्रीय अथवा दक्षिणी अमेरिका के देश, मेक्सिको, एशिया (जापान को छोड़कर), अफ्रीका, तथा पूर्वी यूरोप के देश। अधिक जानकारी के लिए देखें www.cdc.gov/travel.
- 2 से लेकर 18 वर्ष की उम्र के बच्चे और किशोर जो ऐसे राज्यों अथवा समुदायों में रहते हैं जहां नेमी टीका इसलिए लागू किया गया है कि वहां रोग की घटनाएं अधिक हैं।
- ऐसे पुरुष जो पुरुषों के साथ संभोग करते हैं।
- जो लोग नशीली दवाओं का प्रयोग करते हैं।
- जिन लोगों को लंबे समय से यकृत की बीमारी है।
- जिन लोगों का इलाज रक्त का थक्का बनाने वाले तत्वों (क्लॉटिंग फैक्टर कंसंट्रेट) से किया जाता है।
- जो लोग HAV-संक्रमित नर वानरों के साथ काम करते हैं अथवा जो HAV अनुसंधान प्रयोगशालाओं में काम करते हैं।
- जिस घर के लोग किसी ऐसे देश से बच्चा गोद लेने की योजना बना रहे हों, अथवा ऐसे देश से नए पहुंचे बच्चे की देखभाल करने वाले हों, जहां हेपेटाइटिस A की बीमारी आम है।

अन्य लोग कुछ विशेष स्थितियों में हेपेटाइटिस A का टीका लगवा सकते हैं (अधिक विवरण के लिए अपने डॉक्टर से पूछें):

- ऐसे समुदायों के बिना टीकाकृत बच्चे अथवा किशोर जहां हेपेटाइटिस A का प्रकोप होता रहता है।
- बिना टीकाकृत लोग जिनका संपर्क हेपेटाइटिस A वायरस से हुआ हो।
- 1 वर्ष या अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति जो हेपेटाइटिस A से बचाव चाहता हो।

हेपेटाइटिस A का टीका 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए लाइसेंसीकृत नहीं है।

कब?

बच्चों को, पहली खुराक 12 से 23 माह की उम्र तक दी जानी चाहिए। जिन बच्चों का 2 वर्ष की उम्र तक टीकाकरण नहीं किया गया है उन्हें बाद में टीका दिया जा सकता है।

खतरे वाले दूसरे लोगों के लिए, हेपेटाइटिस A के टीकों की श्रृंखला कभी भी शुरू की जा सकती है जब कोई व्यक्ति बचाव चाहे अथवा उसे संक्रमण का खतरा हो।

यात्रा करने वालों के लिए, सबसे अच्छा यह रहेगा कि टीकों की श्रृंखला यात्रा से कम से कम एक माह पहले आरंभ की जाए। (यदि यात्रा की तारीख पर या उसके नजदीक टीका दिया जाता है तो कुछ बचाव फिर भी हो सकता है।)

> कुछ लोग जो यह टीका यात्रा से पहले नहीं ले सकते, अथवा जिनके लिए टीका प्रभावी नहीं हो सकता है, एक इंजेक्शल लगा सकते हैं जिसे इम्यून ग्लोबुलिन (IG) कहते हैं। IG तत्काल, अस्थाई बचाव प्रदान करता है।

लंबे बचाव के लिए, टीके की दो खुराकों की आवश्यकता होती है। इन खुराकों में कम से कम 6 महीनों का अंतर होना चाहिए।

हेपेटाइटिस A के टीके, दूसरे टीकों के साथ ही दिए जा सकते हैं।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

3 कुछ लोगों को हेपेटाइटिस A का टीका नहीं लगवाना चाहिए अथवा इंतजार करना चाहिए।

- यदि किसी व्यक्ति को कभी भी पहले हेपेटाइटिस A की खुराक से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया (जीवन को खतरे में डालने वाली) हुई हो तो उसे दूसरी खुराक नहीं दी जानी चाहिए।

- यदि किसी व्यक्ति को इस टीके के किसी भी घटक से गंभीर एलर्जी (जीवन को खतरे में डालने वाली) हुई हो तो उसे यह टीका नहीं देना चाहिए। **यदि आपको कोई गंभीर एलर्जी है तो अपने डॉक्टर को बताएं,** जिसमें लेटेक्स से होने वाली गंभीर एलर्जी भी शामिल है। सभी हेपेटाइटिस A टीकों में फिटकरी होती है, और कुछ हेपेटाइटिस A के टीकों में 2-फेनोक्सीएथेनॉल होता है।

- यदि कोई व्यक्ति टीके के लिए निर्धारित समय पर हल्का या गंभीर रूप से बीमार है तो उसे संभवत: तब तक इंतजार करना चाहिए जब तक वह ठीक नही हो जाता। अपने डॉक्टर से पूछें। हल्के बीमार लोग सामान्यत: यह टीका लगवा सकते हैं।

- यदि आप गर्भवती हैं तो अपने डॉक्टर को बता दें। क्योंकि हेपेटाइटिस A का टीका निष्क्रिय किया गया (मृत) होता है, अत: किसी गर्भवती महिला अथवा उसके अजन्मे बच्चे को खतरा बहुत कम माना जाता है। लेकिन आपके डॉक्टर बचाव की जरूरत और टीके से किसी भी सैद्धांतिक खतरे पर विचार कर सकते हैं।

4 हेपेटाइटिस A के टीके के क्या खतरे हैं?

किसी भी दवा की भांति, टीके से भी संभाव्य रूप से गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाएं। हेपेटाइटिस A के टीके से गंभीर नुकसान, या मृत्यु होने का खतरा बहुत की कम होता है।

हेपेटाइटिस A का टीका लगवाना इस बीमारी के हो जाने से कहीं अधिक सुरक्षित है।

हल्की समस्याएं

- इंजेक्शन लगाने की जगह पर दर्द *(लगभग 2 में से एक वयस्क में और 6 में से 1 तक बच्चे में)*

- सिरदर्द *(लगभग 6 में से 1 वयस्क में और 25 में से 1 बच्चे में)*

- भूख न लगना *(लगभग 12 में से 1 बच्चे में)*

- थकान *(लगभग 14 में से 1 वयस्क में)*

यदि ये समस्याएं होती हैं तो ये सामान्यत: 1 से 2 दिन रहती हैं।

गंभीर समस्याएं

- टीका लगाने के बाद चंद मिनटों से लेकर चंद घंटों के भीतर गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया *(बहुत विरल)*।

5 यदि हल्की या गंभीर प्रतिक्रिया होती है तो क्या होगा?

मुझे किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

- कोई भी असामान्य दशा, जैसे कि अधिक बुखार अथवा असामान्य व्यवहार। गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के चिह्नों में शामिल हो सकते हैं सांस लेने में दिक्कत होना, आवाज कर्कश होना अथवा घरघराहट, चकत्ते, पीलापन, कमजोरी, तेज हृदयगति अथवा चक्कर आना।

मुझे क्या करना चाहिए?

- डॉक्टर को **फोन करें**, अथवा प्रभावित व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।
- अपने डॉक्टर को **बताएं** कि क्या हुआ, इसके होने की तारीख और समय, और टीका कब दिया गया था।
- अपने डॉक्टर, नर्स, अथवा स्वास्थ्य विभाग से **पूछें** कि आपको एक वैक्सीन एडवर्स ईवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (VAERS) फार्म भरकर प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करनी है। अथवा आप इस रिपोर्ट को VAERS की वेबसाइट **www.vaers.hhs.gov**, के जरिए दर्ज कर सकते हैं या **1-800-822-7967** पर फोन कर रिपोर्ट कर सकते हैं।

VAERS द्वारा चिकित्सा सलाह प्रदान नहीं की जाती।

6 राष्ट्रीय टीका क्षति मुआवजा कार्यक्रम

राष्ट्रीय टीका क्षति मुआवजा कार्यक्रम (VICP) की शुरुआत 1986 में की गई थी।

जिन लोगों को लगता है कि संभवतः उन्हें टीके से क्षति पहुंची है, वे **1-800-338-2382** पर कॉल करके अथवा VICP की वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाकर इस कार्यक्रम के बारे में और दावा दायर करने के बारे में जान सकते हैं।

7 मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता(ती) हूं?

- अपने डॉक्टर से पूछें। वे आपको टीका पैकेज पर्चा दे सकते हैं अथवा जानकारी के अन्य स्रोतों का सुझाव दे सकते हैं।

- अपने स्थानीय अथवा राज्य स्वास्थ्य विभाग को फोन करें।

- रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों (CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें, अथवा
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं

Vaccine Information Statement (Interim)

Hepatitis A Vaccine

Hindi

10/25/2011

42 U.S.C. § 300aa-26

Office Use Only

Translation provided by the California Department of Public Health